come and live in Delhi Sir, quite apart from the industry, our Delhi Transport Corporation is the worst offender and the trucks, the private trucks, emit a lot of poision. It *is* not merely gases. Therefore, unless the Minister takes very strong steps, it will be difficult to live in Delhi. The Minister is very competent in performing in international conferences. He must perform right in Delhi at least.

MR. CHAIRMAN: The , Question Hour is over.

वानिकी और पर्यावरणीय गतिविधियों की निगरानी हेतु क्षेत्रीय कार्यालय

***502. श्री दिलीप सिंह जूदेव :** क्या पर्यावरण और वन मंत्री 25 अगस्त 1993 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 3849 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वानिकी और पर्यावरणीय गतिविधियों की निगरानी हेतु क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना कर दी गई है; यदि हां, तो वर्ष 1994-95 तक स्थापित किए गए ऐसे कार्यालयों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) इन कार्यालयों में से प्रत्येक द्वारा वर्ष 1994-95 तक क्षतिपूरक वनरोपण और वन (संरक्षण) अधिनियम और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित शर्तों के संबंध में कितने प्रतिवेदन मंत्रालय को भेजे गए हैं और

(ग) इन कार्यालयों द्वारा भेजे गए प्रतिवेदनों का ब्यौरा क्या हैं ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) पर्यावरण और वन मंत्रालय ने वानिकी एवं पर्यावरणीय गतिविधियों की निगरानी के लिए छः क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित किए हैं जिनके मुख्यालय बंगलौर, चंडीगढ़, भुवनेश्वर, भोपाल, शिलांग एवं लखनऊ में हैं ।

(ख) वर्ष 1994-95 तक इन क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा वन (संरक्षण) अधिनियम के तहत क्षतिपूरक वनरोपण के 2034 मामले तथा पर्यावरण (सुरक्षा) अधिनियम के तहत 851 मामले सूचित किए गए हैं जिनका ब्योरा संलग्न विवरण में दिया गया है । **(नीचे देखिए)।**

(ग) इन रिपोर्टों में भारत सरकार द्वारा वन (संरक्षण) अधिनियम तथा पर्यावरण (सुरक्षा) अधिनियम के तहत अनुमति देते समय निर्धारित शर्तों के अनुपालन की स्थिति दर्शाई गई है, जिसमें जो प्रासंगिक हो क्षेत्र की अवस्थिति, क्षतिपूरक वनरोपण के लिए उपभोक्ता एजेंसियों द्वारा प्रदान की गई राशि, खर्च की गई राशि, लगाई गई प्रजातियों इत्यादि के संबंध में क्षतिपूरक वनरोपण का विवरण शामिल है ।

विवरण

क्र० सं०	क्षेत्रीय कार्यालय का नाम	मानिटर की गई परियोजनाएं	
		वन संरक्षण अधिनियम	पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम
1	2	3	4
1.	बंगलौर	369	261
2.	भोपाल	464	150
3.	भुवनेश्वर	248	211
4.	लखनऊ	629	117
5.	शिलांग	140	44
6.	चंडीगढ़	184	68
	कुल	2034	851